अध्याय - पंचम

शोध सारांश निष्कर्ष एवं सुझाव

भूमिका

विद्यार्थियों को शिक्षा प्रदान करने के लिये योग्य शिक्षकों का होना आवश्यक है, क्योंकि संपूर्ण शिक्षा प्रक्रिया के श्रंखला में अध्यापक की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण होती है। भारतीय समाज में गुरू का सर्वोच्च स्थान है, क्योंकि वह शिक्षा के माध्यम से समाज को प्रगति के शिखर पर पहुँचने लायक बनाता है यह तभी संभव होगा जब शिक्षकों में शिक्षण को प्रभावी बनाने की क्षमता हो, तथा शिक्षक प्रभावी हो प्रभावशीलता शिक्षक की शिक्षण प्रक्रिया में महत्वपूर्ण स्थान रखती है। प्रभावी शिक्षण के बिना कक्षा में विद्यार्थियों को बांधे रखना कठिन है , विद्यार्थियों की अधिगम स्तर को प्रभावित करता है, शिक्षण द्वारा अधिगम होने पर बच्चों का संपूर्ण विकास हो इसके लिये शिक्षकों को प्रयास करना होगा।

शीर्षक

भोपाल जिले के सरकारी एवं गैर सरकारी माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों की शिक्षक प्रभावशीलता का अध्ययन।

शोध के उद्देश्य

1. माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों में लिंगके आधार पर शिक्षक प्रभावशीलता का अध्ययन करना।
2. माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों में सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के आधार पर शिक्षक प्रभावशीलता का अध्ययन करना।
3. माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों में अनुभव के आधार पर शिक्षक प्रभावशीलता का अध्ययन करना।

शोध परिकल्पनाएं

1. माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों में लिंगके आधार पर शिक्षक प्रभावशीलता में सार्थक अंतर नहीं है।
2. माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों में सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों के आधार पर शिक्षक प्रभावशीलता में सार्थक अंतर नहीं है।
3. माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों में अनुभव के आधार पर शिक्षक प्रभावशीलता में सार्थक अंतर नहीं है।

सीमांकन

1. इस अध्ययन का शोध भोपाल में किया गया है।
2. इसमें मात्र 40 शिक्षकों को ही चुना गया है।
3. इस अध्ययन में शिक्षक एवं शिक्षिकाएं दोनों का ही चयन किया गया है।
4. इस अध्ययन में सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालयों का चयन किया गया है।

न्यायदर्श

प्रस्तुत शोध में शोधकर्ता द्वारा न्यायदर्श का चयन यादृच्छिक विधि द्वारा किया गया है । इसके लिये भोपाल जिले के दो शासकीय और दो निजी माध्यमिक विद्यालयो में से शिक्षकों को न्यायदर्श के रूप में लिया 40 गया है। न्यायदर्श के रूप में चयनित स्कूलों में कार्यरत शिक्षकों को निम्न सारणी द्वारा दर्शाया जाता है : –

सारणी

क्रमांक	विद्यालय का नाम	विद्यालय का प्रकार	शिक्षकों की संख्या
1.	कोपल हायर सेकेन्डरी स्कूल	निजी	10
2.	मीठी गोविंद पब्लिक स्कूल	निजी	10
3.	गवर्रमेंट हायर सेकेन्डरी स्कूल	सरकारी	10
4.	गवर्रमेंट सुभाष हायर सेकेन्डरी स्कूल फॉर एक्सीलेंस	सरकारी	10
कुल			40

उपकरण

प्रोफेसर पहुप सिंह त्यागी एवं बींटी दुआ रिसर्च स्कॉलर द्वारा निर्मित शिक्षक प्रभावशीलता परिसूची का उपयोग किया गया ।

तकनीक

उपरोक्त 40 शिक्षकों का शिक्षक प्रभावशीलता का अध्ययन करने के लिए प्रोफेसर पहुप सिंह त्यागी जी ने शिक्षक प्रभावशीलता सूची का प्रमाण किया। प्राप्त अंको की गणना के आधार पर मध्यमान एवं प्रमाणिक विचलन निकालकर टी – परीक्षण ज्ञात किया गया ।

शोध के चर

शोध समस्या में निम्न चर है ।
आश्रित चर : शिक्षक प्रभावशीलता ।
स्वतंत्र चर लिंग : अनुभव, सरकारी एवं गैर सरकारी विद्यालय ।

परिणाम

प्रस्तुत अध्ययन में शून्य परिकल्पनाओं का निर्माण किया गया, जिनके आधार पर प्रदत्तों का विश्लेषण करके उनकी व्याख्या की गयी। परिकल्पना के आधार पर जो निष्कर्ष सामने आये वह है-

1. इस परिकल्पना के अनुसार माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों में सरकारी एवं गैर सरकारी के आधार पर शिक्षक प्रभावशीलता में सार्थक अंतर नहीं है।
2. इस परिकल्पना के अनुसार माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों में लिंग के आधार पर शिक्षक प्रभावशीलता में सार्थक अंतर नहीं है।
3. इस परिकल्पना के अनुसार माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षकों में अनुभव के आधार पर शिक्षक प्रभावशीलता में सार्थक अंतर नहीं है।

सुझाव

1. शिक्षकों को अपने शिक्षण में आस्था निष्ठा एवं लगन होनी चाहिए तभी वह विद्यार्थियों एवं समाज के प्रति अपने विविध दायित्वों को पूर्ण कर सकेगा ।
2. विद्यालयों में शिक्षण संबंधित विविध कार्यक्रम का आयोजन किया जाये जैसे :- वाद- विवाद प्रतियोगिता, स्नेह सम्मेलन, निबंध लेखन आदि।
3. शिक्षकों का प्रशिक्षण समय – समय पर किया जाए जिससे शिक्षक की गुणवत्ता में कमी ना आए।
4. शिक्षकों को अपनी शिक्षण के प्रति उन्नति के लिये सदैव जागरूक रहना चाहिए।

भावी शोध हेतु सुझाव

1. प्राथमिक एवं उच्च विद्यालयों के शिक्षकों में भी शिक्षक प्रभावशीलता का अध्ययन कर सकते है ।
2. ग्रामीण शहरी अदिवासी विद्यालयों के शिक्षकों में शिक्षक प्रभावशीलता का अध्ययन कर सकते है ।
3. अध्यापन की प्रभावशीलता विद्यालय में शिक्षकों की कार्य संतुष्टि इन पर भी शिक्षक प्रभावशीलता का अध्ययन कर सकते है ।
4. शिक्षकों के प्रशिक्षण में शिक्षक प्रभावशीलता का अध्ययन कर सकते है ।
5. डाइट में जैसी समस्याएं है शिक्षकों की उस विषय पर भी शिक्षक प्रभावशीलता का अध्ययन कर सकते है ।